महत्वपूर्ण एवं खास

रजनीकांत की फिल्म 2.0 का टीज़र इंटरनेट पर हुआ लीक

सुपरस्टार रजनीकांत एक बार फिर साइबर क्राइम का शिकार हुए हैं. अब उनकी फिल्म 2.0 के टीजर की क्लिप्स इंटरनेट पर लीक कर दी गई है. यह वीडियो क्लिप हर जगह वायरल हो रही है. इस खबर से रजनीकांत के फैन्स और फिल्म एनालिस्ट काफी नाराज हैं. उन्होंने ट्विटर के जरिए अपनी नाराजगी जाहिर की. श्रीधर पिल्लई का कहना है कि इस तरह के क्राइम को रोका जाना चाहिए और इसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए. सतीश कुमार एम का कहना है कि कभी- कभी टेक्नोलॉजी सारी एक्साइटमेंट खत्म कर देती है. बता दें कि इससे पहले रजनीकांत की फिल्म काला का टीज़र लीक कर दिया गया था. ऑफीशियल रिलीज से कुछ घंटों पहले इस टीजर का एक रफ वर्जन इंटरनेट पर शेयर किया गया था. अब 2.0 का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार था, लेकिन वह भी साइबर क्रिमिनल्स से बच नहीं पाई. शकंर के डायरेक्शन में बनी 2.0 में अक्षय कुमार एक अलग किरदार में नजर आएंगे. इस फिल्म से अक्षय साउथ फिल्म इंडस्ट्री में किस्मत आजमाने वाले हैं. लंबे समय से इस फिल्म को लेकर खासी एक्साइटमेंट है. ऐसे में इन साइबर क्रिमिनल्स की इस तरह की हरकत फिल्म के साथ-साथ फिल्म मेकर्स को भी काफी नुकसान पहुंचाती है. रजनीकांत की फिल्म कबाली के साथ भी कुछ ऐसा ही हुआ था. इस फिल्म के सीन इंटरनेट पर शेयर किए गए थे. बाहुबली-2 भी ऐसी मुश्किल का सामना कर चुकी है. इस फिल्म का कटप्पा का बाहुबली को मारने वाला सीन और शिवगामी का कटप्पा को आदेश देने वाला सीन खूब वायरल हुआ था.

श्रीदेवी के बिना शिद्दत नहीं बनाएंगे करण जौहर

निर्देशक-निर्माता करण जौहर श्रीदेवी के सबसे बड़े फैन रहे हैं, करण श्रीदेवी के साथ फिल्म बनाना चाहते थे। वह पिछले कई सालों से श्रीदेवी के लिए एक अच्छी कहानी की तलाश कर रहे थे... लेकिन जब कहानी मिली और फिल्म बनाने की प्लानिंग हो गई तब ठीक उससे पहले श्रीदेवी का निधन हो गया और करण का श्रीदेवी के साथ काम करने का सपना टूट गया। अब खबर है कि करण ने जिस कहानी को श्रीदेवी के साथ बनाने की प्लानिंग की थी अब उस फिल्म को किसी और के साथ भी नहीं बनाएंगे। श्रीदेवी को लेकर करण ने शिद्दत नामक फिल्म प्लान की थी। इस फिल्म में श्रीदेवी के अलावा संजय दत्त, वरुण धवन और आलिया भट्ट का नाम भी शामिल था। फिल्म का निर्देशन 2 स्टेटस बनाने वाले निर्देशक अभिषेक वर्मन करने वाले थे। श्रीदेवी के अचानक इस तरह जाने से करण अब तक सदमे में हैं। वह श्रीदेवी के काफी करीब थे, यही वजह थी कि करण श्रीदेवी की बेटी जाह्नवी कपूर को अपने प्रॉडक्शन में बनने वाली फिल्म धड़क से खुद लॉन्च कर रहे हैं। यह फिल्म 20 जुलाई को रिलीज़ होगी। करण अब भी श्रीदेवी की दोनों बेटियों को संभाल रहे हैं। श्रीदेवी के बिना करण अब शिद्दत को बनाने के मूड में बिलकुल भी नहीं हैं, उन्होंने इस फिल्म को बंद करने का फैसला किया है।

सीनियर एक्ट्रेस शम्मी का 89 वर्ष की उम्र में निधन

हुए अभिनेत्री शम्मी की 89 वर्ष का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया।अक्सर शम्मी आंटी के नाम से मशहूर शम्मी ने देख भाई देख जैसे कॉमेडी शो में भी नजर आ चुकी हैं। शम्मी कपूर बॉलीवुड स्टार्स में काफी पॉपुलर हैं। वहीदा रहमान हेलन आशा पारेख शम्मी सभी काफी अच्छी दोस्त हैं। शम्मी आखिरी बार फराह खान और बोमन इरानी की फिल्म श्शीरी फरहाद की तो निकल पड़ी में नजर आई थीं।लगभग 200 से अधिक फिल्मों और कई शो में काम कर चुकीं शम्मी को बॉलीवुड याद कर रहा है और श्रद्धांजलि दे रहा है। 64 वर्षों से अधिक समय तक इंडस्ट्री में काम किया। उन्होंने प्रोड्यूसर सुलतान अहमद से शादी की थी लेकिन सात साल में दोनों अलग हो गए। शम्मी के जाने से भावुक होकर अमिताभ बच्चन ने ट्वीट किया और उन्हें श्रद्धांजलि भी दी। आप भी देखिए अमिताभ बच्चन का ट्वीट। शम्मी का असली नाम नरगिस राब्दी थी और उनकी बड़ी बहन नीना राब्दी फैशन डिजाइनर थीं। उनके पिता पारसी आग मंदिर में पुजारी थी। बतौर सोलो हिरोइन उनकी पहली फिल्म मल्हार थी। हालांकि ये फिल्म कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाई। लेकिन बाद में उन्हें दिलीप कुमार की संगदिल में काम करने का मौका मिला और फिर उन्होंने कभी भी पीछे पलटकर नहीं देखा। उन्होंने कुली नंबर 1 खुदा गवाह हम अर्थ द बर्निंग ट्रेन जैसी कई अच्छी फिल्मों में काम किया।

टीवी की हसीनाओं पर आया बॉलिवुड का दिल

इस साल छोटे पर्दे की तीन बड़ी हीरोइनें मौनी रॉय, अंकिता लोखंडे और दीपिका कक्कड़ बॉलिवुड में दस्तक देने जा रही हैं। वहीं मृणाल ठाकुर अगले साथ बिग स्क्रीन पर नजर आएंगी। खास बात यह है कि टीवी के ये अदाकाराएं किसी छोटी-मोटी फिल्म या छोटे-मोटे रोल में नहीं, बल्कि बड़ी-बड़ी फिल्मों में बड़े-बड़े स्टार्स के साथ सिल्वरस्क्रीन पर अपनी नई पारी शुरू करने वाली हैं। आखिर टीवी हसीनाओं पर अचानक क्यों आया बॉलिवुड का दिल? टीवी वाले फिल्मों में नहीं चलते। एक वक्त था जब फिल्मों में करियर बनाने के ख्वाहिशमंद टीवी कलाकारों के बारे में ऐसा ही कहा जाता था, लेकिन आज सुशांत सिंह राजपूत, पुलकित सम्राट, आयुष्मान खुराना जैसे कई अभिनेता टीवी के बाद फिल्मों में भी सफल पारी खेल रहे हैं। अब बारी टीवी की हसीनाओं की है। अपनी नशीली अदाओं से लोगों को घायल करने वाली खूबसूरत नागिन मौनी राय हों या मक्खी बनकर भी सुपरपावर से लैस सिमर यानी दीपिका कक्कड़। अर्चना के रूप में दर्शकों से पवित्र रिश्ता जोड़ने वालीं अंकिता लोखंडे हों या एकता कपूर की बुलबुल मृणाल ठाकुर, छोटे पर्दे की ये सभी नायिकाएं जल्द ही बड़े पर्दे पर बड़ी-बड़ी फिल्मों में नजर आएंगी। मौनी अक्षय कुमार के ऑपोजिट फिल्म गोल्ड, दीपिका जेपी दत्ता की फिल्म पलटन, मृणाल रितिक रोशन के साथ आनंद कुमार की बायॉपिक सुपर 30 और अंकिता रानी लक्ष्मी बाई की बायॉपिक मणिकर्णिकाः द चीन ऑफ झांसी में झलकारी बाई की भूमिका में सिल्वरस्क्रीन पर दस्तक देंगी। टीवी वालों के मुताबिक, यह बहुत ही सकारात्मक बदलाव है कि लोग अब छोटा पर्दा-बड़ा पर्दा वाली सोच से उबरकर सिर्फ टैलंट को तरजीह दे रहे हैं। बैकग्राउंड नहीं, अब टैलंट देखते हैं धारावाहिक दिल से दिल तक में तानी के किरदार में दिल जीतने वालीं अभिनेत्री जैसमिन भसीन के मुताबिक, 'यह बहुत खूबसूरत बदलाव है कि हमारी इंडस्ट्री में यह स्टीरियोटाइप टूट रहा है कि जो टीवी के हैं, वे टीवी करें, जो फिल्म के हैं, वे फिल्म करें। लोग अब समझने लगे हैं कि दोनों ही क्रिएटिविटी और कला दिखाने के मंच हैं। इनमें अंतर नहीं करना चाहिए, जो बहुत अच्छी बात है।' चक्रवर्ती सम्राट अशोक, कुमकुम भाग्य, ससुराल सिमर का जैसे कई सीरियल करने वालीं अभिनेत्री काजोल श्रीवास्तव भी कलाकार के बैकग्राउंड के बजाय उसकी काबिलियत को महत्व देने के इस बदलाव को बहुत अच्छा मानती हैं। बकौल काजोल, 'यह एक ऐसा अच्छा दौर आ गया है कि फिल्म वाले आपको आपके पहले के काम से जज नहीं कर रहे हैं। अब लोग यह समझ चुके हैं कि ऐक्टर चाहे टीवी से हो, साउथ इंडस्ट्री से हो या चाहे जहां से हो, अगर उसमें प्रतिभा है तो उसे काम मिलना चाहिए। अब आपने पहले चाहे जो काम किया है, वे आपका ऑडिशन लेते हैं और अगर आप उस रोल में फिट बैठते हैं, तो आपको कास्ट करते हैं। ये बहुत अच्छा बदलाव है और मैं बहुत खुश हूं। मेरा मानना है कि अगर कलाकार में काबिलियत है तो उसे काम मिलना चाहिए, पहले उसने चाहे कुछ भी किया हो। दीपिका के साथ मैंने ससुराल सिमर का में काम किया है, वह मेरी दोस्त हैं। मैं उनके लिए बहुत खुश हूं।' प्रतिभावान भी, अनुभवी भी सीरियल दीया और बाती हम की संध्या राठी के रूप में मशहूर टीवी अभिनेत्री दीपिका सिंह इस बदलाव की वजह पूछने पर कहती हैं, डिजिटल मीडियम आने के बाद छोटे-बड़े पर्दे का फर्क मिट गया है। अब सभी टीवी कर रहे हैं, सभी फिल्म कर रहे हैं और सभी वेब-सरीज कर रहे हैं। फिर, ये सभी ऐक्ट्रेसेज सिर्फ प्रतिभाशाली ही नहीं, बहुत अनुभवी भी हैं। ऐसा नहीं है कि ये कोई न्यूकमर हैं। इन्हें कैमरे की समझ है। ये सभी अच्छी अदाकाराएं हैं। टीवी पर इतने सालों पर अच्छा काम किया है। इसलिए प्रड्यूसर का भी फायदा है। अगर वे किसी नई ऐक्ट्रेस को लॉन्च करते, तो उसे ट्रेनिंग देते, उसमें समय लगाते, जबकि यहां उन्हें फिल्म के लिए एक फ्रेश, लेकिन प्रतिभाशली और अनुभवी कलाकार मिल रहा है। फिर, हमारी फिल्में भी पिछले कुछ सालों में बदली हैं। अब टिपिकल कमर्शल फिल्मों के बजाय कंटेंट वाला सिनेमा बन रहा है। इसलिए मेकर्स को भी केवल ग्लैमरस दिखने वाली लड़की नहीं चाहिए, अच्छी अभिनेत्री चाहिए, जिसके लिए टीवी अदाकाराएं बिल्कुल परफेक्ट हैं। पॉप्युलैरिटी से मिलेगा फायदा टीवी की ये लीडिंग लेडीज दर्शकों के बीच बेहद मशहूर हैं। इसलिए भी प्रड्यूसर्स उन्हें लेना चाहते हैं, ताकि उनकी पॉप्युलैरिटी का फायदा फिल्म को मिले। बकौल दीपिका, टीवी कलाकारों, खासकर अभिनेत्रियों के फैंस बहुत ज्यादा हैं, क्योंकि छोटा पर्दा अब भी नायिका प्रधान है। इनके फैंस उन्हें फिल्मों में देखना चाहते हैं। अगर आप किसी नए चेहरे या कम फेमस हीरो-हीरोइन के साथ फिल्म बनाते हैं, तो शायद लोग देखने नहीं जाएं, लेकिन इन ऐक्ट्रेसेज के फैंस इन्हें बड़े पर्दे पर देखने चले जाएंगे। इसलिए निश्चित तौर पर फिल्म को इनकी पॉप्युलैरिटी का फायदा मिलेगा। इसीलिए भी निर्माता उन्हें लॉन्च कर रहे हैं। काजोल और जैसमिन भी काफी हद तक ऐसा मानती हैं। काजोल कहती हैं, टीवी इतना बड़ा बन गया है, आज करण जौहर से लेकर शिल्पा शेट्टी तक सब टीवी कर रहे हैं, तो जब वे टीवी कर सकते हैं तो हम फिल्में क्यों नहीं? लोगों ने कुबूल कर लिया है कि टीवी अब केवल इडियट बॉक्स नहीं रहा। यह बहुत बड़ा हो चुका है। छोटी फिल्में करने वालों को भले लोग नहीं जानते, पर टीवी कलाकारों को पहचानते हैं। इसलिए जब लोग उन्हें फिल्म के पोस्टर पर देखते हैं तो उन्हें देखने जाना चाहते हैं। वहीं जैसमिन का कहना है, निश्चित तौर पर टीवी की पॉप्युलैरिटी की बड़े-छोटे पर्दे के फर्क को मिटाने में अहम भूमिका है। टीवी आज इतना पॉप्युलर मीडियम हैं कि हर फिल्मस्टार अपनी फिल्म प्रमोट करने टीवी पर आता है। कोई हुआ हिट, तो कोई फिस्स छोटे पर्दे के बहुत से कलाकारों ने बड़े पर्दे पर हाथ आजमाया है, जिसमें कुछ कामयाब हुए, तो असफलता के बाद कुछ लौटकर वापस आ गए। इस कड़ी के सफल कलाकारों में शाहरुख खान का नाम सबसे ऊपर है। इसके अलावा टीवी शो हम पांच करने वालीं विद्या बालन का नाम आता है। टीवी शो पवित्र रिश्ता से करियर शुरू करने वाले सुशांत सिंह राजपूत, रोडीज समेत कई शोज होस्ट करने वाले आयुष्मान खुराना, क्योंकि सास भी बहू थी करने वाले पुलकित सम्राट, ये प्यार न होगा कम फेम यामी गौतम अब फिल्म जगत के चर्चित नाम बन चुके हैं। जबकि अमर उपाध्याय, अमन वर्मा, सारा खान, राजीव खंडेलवाल, आमना शरीफ, सिद्धार्थ शुक्ला, ऐजाज खान जैसे कई चर्चित टीवी कलाकार बड़े पर्दे पर कुछ खास नहीं कर पाए। करण सिंह ग्रोवर, गुरमित चौधरी, जय भानुशाली, मनीष पॉल, करण वाही जैसे टीवी कलाकार अभी फिल्मों में जोरआजमाइश में जुटे हुए हैं। जबकि शिल्पा शिंदे, हिना खान, रित्विक धंजानी, रवि दुबे जैसे टीवी के बड़े नाम भी सिल्वरस्क्रीन का सपना देख रहे हैं। पैसे देकर क्यों देखेंगे? अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत कहते हैं, जब मैंने टीवी छोड़ा था, तो बहुत से लोग मुझे बोलते थे कि टीवी वाले फिल्मों में नहीं चलते। 25 साल पहले शाहरुख खान सक्सेसफुल हुआ था, लेकिन उसका शो हफ्ते में एक दिन आता था। अभी हफ्ते में छह दिन शो आते हैं, रिपीट होते हैं, तो इतने एक्सपोजर के बाद लोग कहते हैं कि अरे, हम तो इसे फ्री में देखते थे, तो अब पैसे देकर क्यों देखें? अगर आपमें प्रतिभा है तो आप कहीं भी रहें, वह नोटिस हो जाएगी और आपको काम मिलेगा।'

अजय देवगन की रेड को लेकर माहौल नहीं

16 मार्च को अजय देवगन की फिल्म रोड प्रदर्शित होने जा रही है लेकिन फिल्म को लेकर खास माहौल नहीं बना है। गौरतलब है कि अजय देवगन बॉलीवुड के टॉप 6 स्टार्स में से एक है और उनकी पिछली फिल्म गोलमाल अगेन बॉक्स ऑफिस से दो सौ करोड़ से भी ज्यादा का कलेक्शन किया था। यह अजय के करियर की सर्वाधिक कलेक्शन करने वाली फिल्म है। प्रचार में सुस्ती एक बड़ा कारण है जिसके कारण रेड अब तक दर्शकों में उत्साह नहीं जगा पाई है। कई लोगों को तो पता ही नहीं है कि इस नाम की कोई फिल्म आ रही है और अजय देवगन इसमें लीड रोल में हैं। यह वाकई हैरानी वाली बात है और अजय की फिल्म को इससे नुकसान भी उठाना पड़ सकता है। हालांकि अभी भी कुछ दिन बाकी है और जोरदार प्रचार के जरिये अब तक हुए नुकसान की भरपाई की जा सकती है। फिल्म के कुछ गाने रिलीज हुएए लेकिन हिट नहीं रहे। ट्रेलर आने के बाद कोई बड़ा धमाका नहीं किया गया। शायद फिल्म के निर्माता ज्यादा प्रचार करने से बच रहे हैं। उन्हें अपनी फिल्म पर विश्वास हो और इसी के चलते वे प्रचार.प्रसार में कंजूसी बरत रहे हों। रेड में अजय देवगन ने उत्तर प्रदेश के एक टफ नो.नॉनसेंस इनकम टैक्स ऑफिसर की भूमिका निभाई है। फिल्म की कहानी 1980 में सेट है। उस दौर में कुछ ऐसे छापे पड़े थे जिनकी गूंज अब तक सुनाई देती है। उसी दौर की घटनाओं को फिल्म में दिखाया गया है। फिल्म का निर्देशन राजकुमार गुप्ता ने किया है जो श्नो वन किल्ड जेसिका नामक उम्दा फिल्म बना चुके हैं। राजकुमार अपनी इस फिल्म के बारे में कहते हैं कि उन्हें लगा कि यह कहानी बिग स्क्रीन के लिए है इसलिए मैंने यह फिल्म बनाई। वैसे इस तरह की फिल्म स्पेशल 26 आ चुकी है। नीरज पांडे द्वारा निर्देशित यह फिल्म बेहतरीन थी जिसमें अक्षय कुमार ने लीड रोल निभाया था। इसमें एक छापा मारने की वाली गैंग की कहानी थी जो अपने काम को बेहतरीन तरीके से अंजाम देता था। बादशाहो और गोलमाल जैसी फिल्मों के बीच अजय देवगन ऐसी फिल्म भी करते रहते हैं जिनमें कंटेंट दमदार रहता है। जैसे गंगाजल या दृश्यम। रेड भी कुछ इसी तरह की है। अजय और राजकुमार के कारण फिल्म के प्रति उत्सुकता है और उम्मीद की जानी चाहिए कि फिल्म के प्रचार में तेजी लाई जाएगी ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को इसके बारे में पता चले।

एबीसीडी 3 में दिखेंगे वरुण धवन और कटरीना कैफ

वरुण धवन और कटरीना कैफ ने 2016 में अपने ड्रीम टूर के दौरान लोगों को खूब एंटरटेन किया था। अब दोनों जल्द ही बड़े पर्दे पर साथ नजर आने वाले हैं। रिपोर्ट्स की माने तो एबीसीडी 3 में वरुण धवन और कटरीना कैफ एक दूसरे के ऑपोजिट काम करेंगे। इस फिल्म में जैकलीन फर्नांडीस भी होंगीं। एक एंटरटेनमेंट वेबसाइट के करीबी सूत्र ने बताया,हमें एक बार फिर कटरीना कैफ पाकिस्तानी लड़की की भूमिका में दिखेंगी। हमें पता चला है कि रेमो डीसूजा की इस फिल्म में कटरीना पाकिस्तानी लड़की का रोल करेंगी। वहीं जुड़वा 2 गर्ल जैकलीन इसमें एक अंग्रेज लड़की के रोल में नजर आएंगी। हालांकि, निर्माताओं की तरफ से इस बात की अभी कोई घोषणा नहीं की गई है। इसके पहले एक था टाइगर और उसके सीच्वल टाइगर जिंदा है में कटरीना ने एक पाकिस्तानी जासूस का रोल किया था। काम की बात करें तो इन दिनों कटरीना जीरो की शूटिंग में व्यस्त हैं। वहीं वरुण धवन अक्टूबर की शूटिंग कर रहे हैं। यह फिल्म अप्रैल में रिलीज होगी।

प्रियंका चोपड़ा ने बताई ऑस्कर 2018 में शामिल न होने की वजह

फिल्म जगत से जुड़ी हस्तियां हर साल बेसब्री से ऑस्कर अवॉर्ड्स का इंतजार करती हैं। 90वां अकैडमी अवॉर्ड्स समारोह में दुनिया भर के फिल्मी हस्तियों ने दस्तक दी। लेकिन भारतीय फैन्स को थोड़ा निराश होना पड़ा। दरअसल, सभी को क्वॉन्टिको गर्ल प्रियंका चोपड़ा के रेड कार्पेट पर आने का इंतजार था लेकिन वह कहीं दिखाई नहीं दीं। प्रियंका चोपड़ा ने सोशल मीडिया पर ऑस्कर 2018 में शिरकत न करने की वजह बताई है। उन्होंने बताया कि वह बीमार हैं और इस वजह से वह इसमें शामिल नहीं हो पाई हैं। उन्होंने लिखा, मेरे सभी दोस्त जो नॉमिनेट हुए हैं, उन्हें शुभकामनाएं। मैं बीमार हूं लेकिन सभी को बिस्तर से ही मेरी शुभ कामनाएं। विजेताओं के नाम जानने का इंतजार नहीं हो रहा। बता दें कि प्रियंका चोपड़ा के पास अभी दो हॉलिवुड प्रॉजेक्ट्स हैं। वह इजन्ट इट रोमांटिक और अ किड लाइक जेक में नजर आएंगी। इधर, खबर यह भी है कि वह ऐतराज के सीक्वल में भी नजर आएंगी।

आशिकी-2 आरोही से मिली एक नई पहचान

अपने स्टाइल सेंस को खूबसूरती से कैरी करने में श्रद्धा कपूर का सीना नहीं हैं, फिर चाहे वो इंडियन फिल्म अवॉर्ड फंक्शन हो या इंटरनेशनल। साल 2013 श्रद्धा कपूर ने फिल्म ' आशिकी-2 के बाद सबसे मशहूर में वे बेजोड स्वाभाविक अदाकारा के रूप में दिखीं। 2013 के बाद एक सर्वेक्षण में उन्हें संसार की सबसे हॉट एण्ड बोल्ड एक्ट्रेस के रूप में 5 वे स्थान पर रखा। 2014 तक अभिनेत्री श्रद्धा इस सूची में 2 पायदान तक पहुंच गयी। बता दें कि गूगल ट्रेंच ने भी माना कि बॉलीवुड एक्ट्रेस श्रद्धा 2014 से 2015 तक सबसे ज्यादा सर्च करने वाली अभिनेत्री हैरेडिफ. कॉन ने उन्हें 2014 में बॉलीवुड की 10 सबसे खूबसूरत अभिनेत्रियों में शामिल किया।श्रद्धा कपूर को ग्लैमर जगत की फैशनीस्ता के नाम से भी जाना जाता है जो हर अपने नए व स्टाइलिश लुक्स से भीड में एक अलग पहचान बना लेती हैं। चाहे वो बॉलीवुड इवेंट, फंक्शन हो, फैशन शो, अपने लुक के साथ नए-नए एक्सपेरिमेंट करना तो कोई श्रद्धा कपूर से सीखें। श्रद्धा कपूर एक इंडियान अभिनेत्री हैं। यह मुख्य रूप से आशिकी 2 में अपने शानदार अभिनय और खूबसूरत गानों के वजह से बॉलीवुड में जानी जाती हैं। इन्होंने अपने अभिनय की शुरूआत साल 2010 में तीन पत्ती नामक फिल्म से की, जिसमें उनके किरदार का नाम अपर्णा खन्ना था। श्रद्धा की पढाई अमेरिकन स्कून ऑफ बॉम्बे में हुई है। वहां पर वे पुरी श्रद्धा से फूटबॉल और हैंडबॉल खेलती थीं। श्रद्धा कपूर को दूसरी बार फोर्ब्स की लिस्ट में शामिल हुई हैं। इससे पहले वह 2015 में 100 भारतीय हस्तियों में 57वें अपनी जगह बनाने में कामयाब हुई थीं। श्रद्धा कपूर की फेवरेट चीजें-: श्रद्धा कपूर को पेरिस में घूमना बहुत पसंद है वे अक्सर अपनी छुट्टिया बताने पेरिस जाती हैं। श्रद्धा कपूर को केक में चॉकलेट फ्लेवर वाला केक बहुत पसंद है।

टीवी एक्ट्रेस लवली सासन जल्द करेंगी सगाई

टीवी सीरीयल साथ निभाना साथिया की जानी-मानी एक्ट्रेस लवली सासन जल्द ही अपने ब्वॉयफ्रेंड कौशिक कृष्णमूर्ति से सगाई करने वाली हैं। परिधि नाम से घर-घर में मशहूर हुई लवली 9 मार्च को सगाई करेंगी। इंडिया फोरम के खबर की मानें तो लवली का रोका 1 साल पहले ही हो चुका खबर है कि सगाई का समारोह बंगलुरु में होगा और इस साल के आखिर तक लवली और कौशिक शादी के बंधन में बंध जाएंगे। हालांकि सगाई की खबरों पर लवली के कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है । लवली सासन ने जब साथ निभाना साथिया शो को अलविदा कहा उस समय वह शो में सास की भूमिका में थी लेकिन लीप के बाद उन्हें शो में पर-दादी की भूमिका निभानी थी जिसके बाद उन्होंने शो छोड़ दिया था।